भारत सरकार

संचार मंत्रालय

डाक विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4064

उत्तर देने की तारीख 17 जुलाई, 2019

आईपीपीबी की शाखाएं

4064. श्री एस. मुनिस्वामी :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने कर्नाटक सहित देश में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आई.पी.पी.बी.) की शाखाएं खोलने के लिए स्थानों की पहचान की है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं उक्त स्थानों की पहचान के लिए सरकार द्वारा क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं; और

(ख) सरकार द्वारा इस संबंध में कितनी निधि आबंटित/उपयोग/खर्च की गई है?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) की देशभर में 650 शाखाएं खोली गई हैं, जोकि अधिकतर जिला मुख्यालय डाकघरों में स्थित हैं और हर जिले के अंतर्गत वे सभी डाकघर, जो कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) की सुविधा से युक्त हैं, डाक विभाग के आउटलेट के साथ-साथ आईपीपीबी के सेवा केंद्र के रूप में भी कार्य करते हैं। कर्नाटक सहित सभी राज्यों में आईपीपीबी की शाखाएं इसी बात को ध्यान में रखते हुए खोली गई हैं। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की शाखाओं का विवरण **अनुबंध I** में प्रदान किया गया है।

(ख) इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की स्थापना संबंधी परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने 1435 करोड़ रु. का कुल परिव्यय अनुमोदित किया है, जोकि चरणबद्ध रूप से आबंटित किया जाना है। अब तक, डाक विभाग के माध्यम से आईपीपीबी को 1200 करोड़ रु. आबंटित किए जा चुके हैं। इसमें से 800 करोड़ रु. की राशि आईपीपीबी की स्थापना एवं प्रचालन संबंधी कार्यों हेतु इक्विटी के रूप में प्रयोग में लाई जा चुकी है। 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार, 400 करोड़ रु. के सहायता अनुदान में से बैंक द्वारा 361 करोड़ रु. की राशि इस्तेमाल की गई है।

अनुबंध-I

आईपीपीबी की शाखाओं के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री एस. मुनिस्वामी द्वारा लोक सभा में उठाए गए अतारांकित प्रश्न सं. 4064 के पैरा (क) के उत्तर के संदर्भ में अनुबंध

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की शाखाओं का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**आईपीपीबी की शाखाओं की संख्या**
1.	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	1
2.	आंध्र प्रदेश	24
3.	अरुणाचल प्रदेश	10
4.	असम	26
5.	बिहार	38
6.	चंडीगढ़	1
7.	छत्तीसगढ़	27
8.	दादरा एवं नगर हवेली	1
9.	गोवा	2
10.	गुजरात	31
11.	हरियाणा	20
12.	हिमाचल प्रदेश	12
13.	जम्मू एवं कश्मीर	8
14.	झारखंड	22
15.	कर्नाटक	31
16.	केरल	14
17.	लक्षद्वीप	1
18.	मध्य प्रदेश	42
19.	महाराष्ट्र	40
20.	मणिपुर	9
21.	मेघालय	8
22.	मिजोरम	6
23.	नगालैंड	9
24.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	3
25.	ओडिशा	33
26.	पुदुच्चेरी	2
27.	पंजाब	22
28	राजस्थान	33
29.	सिक्किम	1
30.	तमिलनाडु	35
31.	तेलंगाना	23
32.	त्रिपुरा	5
33.	उत्तर प्रदेश	73
34.	उत्तराखंड	12
35.	पश्चिम बंगाल	25
36.	दमन एवं दीव	0
	कुल योग	**650**

*****